नईदुनिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को दिए गए संबोधन के प्रसारण को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विंध्य कोठी स्थित निवास पर सुना। मुख्यमंत्री ने शासकीय कैलेंडर का विमोचन किया तथा अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान, का अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री ने किया वर्ष 2024 के शासकीय कैलेंडर का विमोचन, सुनीं मन की बात

भोपाल(काप्र)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज वर्ष 2024 के मध्य प्रदेश शासन के कैलेंडर का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैलेंडर की विषय वस्तु और आकल्पन की प्रशंसा की।

वर्ष 2024 के मप्र शासन के कैलेंडर में 12 महीनों के चित्र अलग-अलग विशेषताएं दिखाने का कार्य करते हैं। कैलेंडर में देश और प्रदेश की विविध छवियों को छायाचित्रों द्वारा चित्रित किया गया है। इनमें प्रथम पृष्ठ में श्री राम मंदिर अयोध्या दर्शाया गया है। विभिन्न महीनों में संत रविदास स्मारक सागर, विकसित भारत संकल्प यात्रा, नव संवत्सर गुड़ी पड़वा, महाकालेश्वर मंदिर के साथ ही भव्य महाकाल लोक, मोहनपुरा कुंडलिया सिंचाई परियोजना राजगढ़, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल, पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना और प्रदेश के शिक्षा स्तर को उत्कृष्ट बनाने के लिए सीएम राइज विद्यालय की छवियां शामिल की गई हैं।

इसके साथ ही कैलेंडर में बेटियों के संरक्षण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, समाज को स्वस्थ बनाने के लिए आयुष्मान भारत योजना, सामान्य जन के आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की पीएम सम्मान निधि योजना से जुड़ा विवरण शामिल किया गया है। कैलेंडर विमोचन के अवसर पर नियंत्रक शासकीय मुद्रणालय चंद्रशेखर वालिंबे उपस्थित थे।

सुशासन संस्थान का अवलोकन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान का अवलोकन किया। डॉ. यादव ने संस्थान के पुस्तकालय, बैठक कक्ष, लेक्चर हॉल और अन्य कक्षों के साथ ही उद्यान परिसर का निरीक्षण किया। डॉ. यादव ने संस्थान का निरीक्षण कर संस्थान की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री ने सुशासन संस्थान की गतिविधियों पर केन्द्रित प्रजेंटेशन भी देखा। इस अवसर पर मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव राघवेन्द्र सिंह और संस्थान के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी लोकेश शर्मा उपस्थित थे।

मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण सुना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के अंतर्गत दिए गए संबोधन के प्रसारण का आज मुख्यमंत्री ने श्रवण किया। डॉ. यादव ने विंध्य कोठी स्थित निवास पर कार्यक्रम का प्रसारण सुना।

डॉ. यादव आज खरगोन में करेंगे 182 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खरगोन में एक जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत एवं अन्य विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम नवग्रह मेला ग्राउंड पर होगा। डॉ. यादव 182 करोड रुपए से ज्यादा के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण करेंगे। इसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्ग इंदौर संभाग के 167 करोड़ रूपये की लागत के 41 विकास कार्यों, नानकौडी बैराज, झिरन्या एवं करही बैराज भगवानपुरा लागत 7.54 करोड़, भिकनगांव झिरन्या मार्ग पर 5.88 करोड़ लागत के नवीन पुल निर्माण, कायाकल्प योजना 2.0 अंतर्गत खरगोन जिले में 2 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण का शिलान्यास लोकार्पण करेंगे।

हिट एंड रन पर केंद्र सरकार के नए कानून का विरोध

जल्द हो सकती है देशभर में हड़ताल

भोपाल (काप्र)।

हिट एंड रन केस को लेकर केंद्र सरकार नया कानून लाई है। इसका सबसे पहला विरोध ट्रक ड्राइवरों ने किया है। यह ट्रक ड्राइवर प्रदेश के अलग अलग जिलों में रास्तो में ट्रकों को छोडक़र यानी खड़ा कर भाग रहे हैं।

दूसरी तरफ ट्रांसपोटर्स का कहना है कि जल्द ही इस कानून को वापस नहीं लिया गया, या फिर इसमें संशोधन नहीं किए गए तो देशभर में इसका असर दिखेगा। एसोसिएशन इस मामले में देशव्यापी हड़ताल करने की तैयारी में है। मध्य प्रदेश के कई जिलों से ट्रकों के खड़े होने की सूचना आ रही है, इसमें मुख्य रूप से भोपाल, इंदौर, जलबपुर, रीवा, सतना, ग्वालियर, उज्जैन, बैतूल, सिंगरोली, सागर आदि शामिल हैं। ऑल मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस नई दिल्ली चेयरमैन सीएल मुकाती ने बताया कि इस मामले को लेकर अभी फिलहाल कई स्थानों से सूचनाएं आ रही हैं कि ट्रक ड्राइवर्स अपनी गाड़ियां छोड़क र जा रहे हैं। हालांकि हमने अपील भी की है। इसके अलावा इस संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र भी लिखा है। जिसमें उन्हें कानून वापस लेने के लिए पुनर्विचार करने की बात लिखी है। अगर सरकार कानून वापस लेने से मना करती है तो हमसब मिलकर आंदोलन करेंगे चक्का जाम करेंगे।

2 जनवरी को होगी बैठक

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के अध्यक्ष अमृतलाल मदान ने कहा कि हम 2 जनवरी को देशभर के ट्रांसपोटर्स की बैठक करने वाले हैं। इसमें आगे के लिए निर्णय लिए जाएंगे। इस नियम आने के बाद भारी वाहन चालक अपनी नौकरियां छोड़ रहे हैं। अमृतलाल मदान ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में एक्सीडेंट में दोषी वाहन चालकों को 10 साल की सजा का प्रावधान है, जो कि हमारे परिवहन उद्योग को खतरे में डाल रहा है। प्रावधान को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर करते हुए अमृत मदान ने कहा कि हिट एंड रन के मामलों में कड़े कदम उठाने की जरूरत जरूर है और इसके पीछे इरादा भी सरकार का अच्छा है, लेकिन जो कानून प्रस्तावित है उसमें कई सारी खामियां हैं. जिन पर दोबारा सोचने की जरूरत है।

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस की अगली बैठक 2 जनवरी को है, जिसमें इस बात का फैसला लिया जाएगा कि अगर सरकार उनकी मांगे नहीं मानती है, तो किस तरह से सरकार के सामने अपना पक्ष रखा जाए. ऐसी संभावना है कि आने वाले समय में संगठन हड़ताल कर दे। यह हड़ताल जनवरी के पहले और दूसरे सप्ताह में हो सकती है।

गुना बस हादसे के विरोध में आंदोलन करेगी कांग्रेस

भोपाल (काप्र)। मध्य प्रदेश के गुना में हुई बस दुघर्टना को लेकर कांग्रेस आंदोलन करने की तैयारी कर रही है। इसमें कांग्रेस प्रदेशभर में अनफिट बसों के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी।

कांग्रेस प्रवक्ता फिरोज सिद्दीकी ने कहा है कि पार्टी अपनी तैयारी कर रही है। जल्द ही प्रदेश स्तर पर आंदोलन कर यातायात व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन की मांग की जाएगी। इधर बीजेपी प्रवक्ता नेहा बग्गा ने कहा कि कांग्रेस को अपने अंदर झांककर देखना चाहिए। कांग्रेस शासनकाल में यातायात व्यवस्था की क्या स्थति थी। बात कार्रवाई की है तो मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस संबंध में नजीर पेश कर चुके हैं। इस हादसे में 13 लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई थी। जबकि 17 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए। इस घटना पर सीएम मोहन ने संज्ञान लेते हुए जांच के लिए कमेटी का गठन किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने गुना आरटीओ और नगर पालिका सीएमओ को निलंबित कर दिया था।

मुख्यमंत्री के निर्देश पर 15 दिवस में एक हजार पुलिसकर्मी पदोन्नत

भोपाल,(काप्र)।

पद भार ग्रहण करने के तत्काल बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक के दौरान, पुलिस विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के लिए 15 दिवस में पदोन्नति प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया था।

मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना द्वारा पुलिस विभाग की सभी शाखाओं एवं विभिन्न पुलिस इकाइयों के पुलिस अधीक्षकों, रेंज डीआईजी और जोनल आईजी को योजनाबद्ध तरीके से त्वरित कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रशासन शाखा एवं विभिन्न पुलिस इकाइयों की स्थापना शाखा से जुड़े अधिकारियों/ कर्मचारियों ने अवकाश के दिनों में भी कार्य करके सम्बंधित शासकीय सेवकों के सेवा विवरण तथा अन्य रिकॉर्ड प्राप्त किये । विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा सेवा विवरण/रिकॉर्ड के परीक्षण के उपरांत योग्यता सूची जारी कर ज़िला बल के 298 उप निरीक्षकों को निरीक्षक पद पर, 39 सूबेदारों को रक्षित निरीक्षक पद पर एवं विभिन्न जिला इकाइयों द्वारा 242 प्रधान आरक्षकों को सहायक उपनिरीक्षक पद पर तथा 210 आरक्षकों को प्रधान आरक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। विशेष सशस्त्र बल में विभिन्न संवर्गों में 67 उप निरीक्षक से निरीक्षक, 118 सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक एवं 167 प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक अधिकारियों/ कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई ।

विशेष शाखा में विभिन्न रैंक के 56 अधिकारियों/कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई। पुलिस रेडियो शाखा में आरक्षक से प्रधान आरक्षक के 7 पदों पर, प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के 37 पदों पर तथा उन्नत समयमान के 48 पदों पर पदोन्नति प्रदान की गई । एडीजी स्तर के 2, आइजी स्तर के 15, डीआईजी स्तर के 18 , प्रवर श्रेणी वेतनमान में 5 तथा जेएजी वेतनमान में 7 आइपीएस अधिकारियों को पदोन्नत किया गया द्य इस प्रकार पुलिस विभाग में 15 दिन से भी कम समय में 1334 पदोन्नतियाँ प्रदान की गई ।

उद्योगपति और प्रबंधकर्मियों ने गाए सदाबाहर फिल्मी नगमे

बीएमए ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर किया व्याख्यान एवं फिल्म संगीत का आयोजन

भोपाल(काप्र)।

भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने नववर्ष के आगमन पर व्याख्यान और संगीत संध्या का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में विचारक राजीव सक्सेना ने नए विचारों से निकाले समाधान विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि प्रबंधन में कई समस्याएं आती हैं उनका निदान करने के लिए नवाचार भी अपनाना चाहिए कभी-कभी तत्काल निर्णय लेने होते हैं अनुभव से भी समस्याओं का हल निकल आता है इसलिए नए प्रयोग करने चाहिए। श्री सक्सेना के

व्याख्यान के उपरांत संगीत संध्या का आयोजन भी हुआ। बीएमएस के अध्यक्ष सुनील भार्गव ने मुकेश का सदाबहार गीत किसी की मुस्कराहटों पे हो निसार है... गाकर मोहित कर दिया। अजय वर्मा ने-वो देखो मुझ से रूठकर मेरा जान जा रही है,राजीव सक्सेना ने - है अपना दिल तो आवरा ,जया आर्य ने अजीब दस्ता हैं ये,शैलेंद्र ओझा ने -दिल हुम हुम करे, जी. के छिब्बर ने-जिक्र होता है जब कयामत का तेरे जलवों की बात होती है, एवं इकबाल सिद्दीकी ने-सदाबहार फिल्मी गीत गाकर महफिल लूटी ।

इस अवसर पर पूर्व बीएमए अध्यक्ष डॉ महेश शुक्ला, डॉ राजीव अग्रवाल, बीएमए उपाध्यक्ष नरेंद्र छिब्बर, डॉ पी .के विश्वास, पलाश सुरजन, मनोज झा, डॉ मनोज गौड़, डॉ रूपाली बजाज, डॉ सचिन मजूमदार, भरत कोठारी,बीएमए मैनेजर अमीर खान एवं अनेक सदस्य परिवार सहित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ निष्ठा त्यागी ने एवं आभार प्रदर्शन आर.जी. द्विवेदी ने किया।

19 तक होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

भोपाल। जिला आपूर्ति नियंत्रक सुश्री मीना मालाकार ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हो चुकी है। धान उपार्जन की अंतिम तिथि 19 जनवरी 2024 निर्धारित है। धान उपार्जन के लिए जिले में एक खरीदी केन्द्र किसान सहकारी विपणन समिति मर्यादित श्री बालाजी वेयरहाउस ईंटखेडी बनाया गया है। कृषकों से अपील की गई है कि वे मोबाईल अथवा कम्प्यूटर, ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र, सहकारी समिति पर तथा एमपीऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्रों पर निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित सायवर केफे पर धान विक्रय के लिए स्लॉट बुक करवा सकते हैं।

एम्स के आविष्कारकों को मिला ओरल फिजियोथेरेपी डिवाइस के लिए पेटेंट

भोपाल (काप्र)।

बड़ी उपलब्धि में, एम्स भोपाल के अपर प्रोफेसर डॉ. अंशुल राय, रेजिडेंट डॉ. अनुज जैन और डॉ. अमित सिंह, क्रमशः ओरल और मैक्सिलोफेशियल सर्जन और प्रोस्थोडॉन्टिस्ट को भारत सरकार द्वारा उनके अभिनव मौखिक फिजियोथेरेपी उपकरण कार्य के लिए पेटेंट प्रदान किया गया है।

सर्जरी के बाद प्रभावी फिजियोथेरेपी अभ्यासों के लिए तैयार किया गया यह पेटेंटेड मुंह खोलने वाला उपकरण, कम मुंह खोलने वाले रोगियों, जैसे कि ओरल सबम्यूकस फाइब्रोसिस और टेम्पोरोमैंडिबुलर जॉइंट एंकिलोसिस जैसी स्थितियों वाले रोगियों के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करता है। जनवरी 2019 में शुरू किए गए आवेदन को दिसंबर 2023 में आधिकारिक मंजूरी मिली।यह उपलब्धि आविष्कारकों, डॉ. अंशुल राय, जो वर्तमान में एम्स में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, डॉ. अनुज जैन और डॉ. अमित सिंह, के समर्पण और विशेषज्ञता को दर्शाती है। यह उपकरण सर्जरी के बाद ठीक होने वाले व्यक्तियों के जीवन की गुणवत्ता मंन उल्लेखनीय रूप से सुधार करने की क्षमता रखता है, जो मुंह खोलने पर प्रतिबंध वाले लोगों के लिए एक अनुरूप समाधान प्रदान करता है। यह उपयोगकर्ता-अनुकूल उपकरण प्रभावी और आरामदायक मुंह खोलने वाले व्यायामों को सुविधाजनक बनाने और पुनर्वास प्रक्रिया में योगदान देने में महत्वपूर्ण होने की उम्मीद है।

सफल पेटेंट अनुमोदन स्वास्थ्य देखभाल समाधानों को आगे बढ़ाने के लिए इन चिकित्सा पेशेवरों की प्रतिबद्धता को उजागर करता है, जो मौखिक और मैक्सिलोफेशियल सर्जरी में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। इस नवाचार का सकारात्मक प्रभाव चिकित्सा समुदाय से आगे बढ़ने की उम्मीद है, जिससे बेहतर मौखिक स्वास्थ्य और पुनर्वास विकल्पों की तलाश करने वाले व्यक्तियों को लाभ होगा। एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर आविष्कारकों को बधाई दी है।

स्पेशल खबर मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में ...

संभावना के तहत मालवी गायन और बधाई नृत्य की प्रस्तुति

भोपाल (काप्र)।

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि संभावना के तहत आज लीलाबाई मालवीय एवं साथी, देवास द्वारा मालवी गायन और माखनलाल अहिरवार एवं साथी, सागर द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में प्रति रविवार आयोजित होने वाली इस गतिविधि में मध्यप्रदेश के पांच लोकांचलों एवं सात प्रमुख जनजातियों की बहुविध कला परंपराओं की प्रस्तुति के साथ ही देश के अन्य राज्यों के कलारूपों को देखने समझने का अवसर भी जनसामान्य को प्राप्त होगा। प्रस्तुति की शुरुआत मालवी गायन से की गई। इसके बाद माखनलाल अहिरवार एवं साथी, सागर द्वारा बधाई नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बुन्देलखण्ड अंचल में जन्म विवाह और तीज-त्योहारों पर बधाई नृत्य किया जाता है। मनौती पूरी हो जाने पर देवी-देवताओं के द्वार पर बधाई नृत्य होता है। इस नृत्य में स्त्रियां और पुरुष दोनों ही उमंग से भरकर नृत्य करते हैं। बूढ़ी स्त्रियाँ कुटुम्ब में नाती-पोतों के जन्म पर अपने वंश की वृद्धि के हर्ष से भरकर घर के आंगन में बधाई नाचने लगते हैं। नेग-न्यौछावर बांटती हैं। मंच पर जब बधाई नृत्य समूह के रूप में प्रस्तुत होता है, तो इसमें गीत भी गाये जाते हैं। बधाई के नर्तक, चेहरे के उल्लास, पद संचालन, देह की लचक और रंगारंग वेश-भूषा से दर्शकों का मन मोह लेते हैं। इस नृत्य में ढपला, टिमकी, रमतूला और बांसुरी आदि वाद्य प्रयुक्त होते हैं।

नवोदय की कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा 20 को

भोपाल। जवाहर नवोदय विद्यालय, रातीबड़ जिला भोपाल में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा-2023, शनिवार 20 जनवरी 2024 को भोपाल जिले के 10 केन्द्रों पर होगी। परीक्षा के प्रवेश-पत्र ऑनलाइन उपलब्ध है। अभिभावक अपने बच्चों का प्रवेश-पत्र ऑनलाइन navodaya.gov.in या cbseitms.rcil.gov.in/nvs/admitcard/ से प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश-पत्र प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो दूरभाष 0755-2896325 एवं मोबाइल नंबर 95843-59571 पर सपंर्क किया जा सकता है।